समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# शहर में स्वच्छता से ही पवित्रता बनी रहेगी

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन, निगम आयुक्त श्री झारिया ने बच्चों को पुरुस्कृत किया

रतलाम 16 जनवरी। जहां स्वच्छता है वहां पवित्रता है और जहां पवित्रता है वहां देवत्व का वास होता है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ सफाई संरक्षकों की ही है। इस काम में हर नागरिक विशेषकर युवाओं को बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाना चाहिए। हमारा स्कूल, हमारा मोहल्ला, हमारी सडक और हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा तो हर नागरिक स्वस्थ्य भी रहेगा। आज हम हर छात्र–छात्रा ये संकल्प ले कि हम अपने–अपने क्षेत्र को साफ सुधरा रखने का प्रयास करेगे और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेगे। ताकि रतलाम नगर स्वच्छता की दौड़ में देश में प्रथम स्थान पर आए।

उक्त विचार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के सागौद रोड़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के दौरान सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने प्रस्तुत किए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह व उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत व स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में 100 अधिक छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार रखे व चित्र बनाए। इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र–छात्राओं को निगम आयुक्त व स्कूल स्टाफ ने पुरुस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के स्वच्छता कार्ययोजना प्रभारी गिरीश सारस्वत ने किया।

इस मौके पर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहां कि शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर वन लाने के लिए स्वच्छता क्रांति लाने की जरुरत है। जिस तरह रतलाम सेव, साड़ी और सोने के लिए संसार भर में अपना एक अलग मुकाम रखता है, उसी तरह रतलाम सफाई के मामले में भी देश में अपनी अलग पहचान बनाए। इसके लिए हम सभी को हर हाल में स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेना होगा। स्कूल प्राचार्य सुभाष कुमावत ने स्वच्छता को लेकर स्कूल में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्र–छात्राओं को स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

ये रहे परीणाम

भाषण प्रतियोगिता–50 से अधिक छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार छात्रा अनुजा दीक्षित, दूसरा पुरुस्कार निर्जला गोड़, तीसरा पुरुस्कार तरन्मुम मेव को दिया गया। इसी स्पर्धा में प्रोत्साहन पुरुस्कार सुमित सौंलकी को दिया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में भी 50 से अधिक छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार कु.कोमल, दूसरा पुरुस्कार पलक कुमावत, तीसरा

पुरुस्कार वंदना सोनावा और प्रोत्साहर पुरुस्कार हर्षिता मुनिया को दिया गया।

ये रहे निर्णायक– चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रुप में यहां श्रीमती सीमा अगनीहोत्री,मंजू गुप्ता और श्रीमती वंदना नाहटा मौजूद रही। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती पूर्णिमा शर्मा, सुनील कदम और श्रीमती चंचल जायसवाल मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ की और से आशा शक्तावत, रीना कोठारी और हरीश रत्नावत उपस्थित रहे।
आकर्षक रांगोली से दिया स्वच्छता का संदेश– सफाई मित्र समूह द्वारा आयोजित इन स्पर्धाओं के दौरान स्कूल परिसर में स्वच्छता का संदेश देने वाली रांगोरियों का भी निर्माण किया गया। जिसकी स्कूल स्टाफ व छात्र–छात्राओं ने काफी सराहना की है।

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक ली

रतलाम 16 जनवरी । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के तहत नगर निगम द्वारा की जाने वाली तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान के रतलाम आगमन पर हेलीपेड सहित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों, मार्गो आदि की आज से ही साफ–सफाई आदि का कार्य प्रारंभ किया जाये साथ ही सड़कों का मरम्मत कार्य आदि का भी कार्य प्रारंभ किये जाने के निर्देश बैठक में संबंधितों को दिये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर के प्रवेश मार्गो पर भी प्रतिदिन सफाई की जाये साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत संपूर्ण नगर में सफाई का कार्य वृह्द स्तर पर किया जाकर रतलाम नगर को स्वच्छ बनाया जाये ताकि रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाया जा सकें।

उन्होने निर्देशित किया कि रतलाम नगर की सफाई व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि रतलाम में इंदौर की झलक दिखाई दे। इस कार्य में निगम के सभी कर्मचारियों का पुरी ताकत लगाना होगी साथ ही नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री मा0 श्री शिवराज चौहान के रतलाम आगमन के पूर्व की जाने वाली समस्त तैयारियो हेतु सौंपे गये कार्य अभी से प्रारंभ कर दिये जाये

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी0के0 जायसवाल, निगम सचिव श्री जसवन्त जोशी, प्रभारी कर्मशाला व प्रकाश विभाग श्री एम0के0 जैन, प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, प्रभारी उद्यान विभाग श्री अरविन्द दषोत्तर, उपयंत्री सर्वश्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी. एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सिद्धार्थ सोनी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन

तिवारी, सामुदायिक संगठिकाऐं, नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्य व निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## *रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त श्री झारिया ने लिया जायजा*

रतलाम 16 जनवरी । स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर–घर से गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से लिये जा रहे फीडबेक के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने गत रात्री माणक चौक क्षेत्र में की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

माणक चौक क्षेत्र में की जा रही रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षक के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से 4 कचरा पात्र रखें व पृथक–पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागो में डालें। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के अन्दर ही व्यापार करना सुनिश्चित करें दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण ना करें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई उपरान्त कचरे को एकत्रित कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। इस अवसर पर गंदगी करने वाले दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने के निर्देश भी संबंधित को दिये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने सब्जी मण्डी, दौलतगंज, नागरवास आदि का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## *स्वच्छंद विचरण करने वाले 554 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा*

रतलाम 16 जनवरी । रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 16 जनवरी तक 554 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 16 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 554 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 16 जनवरी को दीनदयाल नगर व डाट की पुल से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन

किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

## गंदगी व अतिक्रमण करने पर 30 व्यक्तियों पर जुर्माना

### सीसीटीवी से गंदगी करने वालो पर रखी जा रही है निगरानी

रतलाम 16 जनवरी । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कमलचन्द पूर्णेश्वर मंदिर व ऋषि धवन बरबड़ रोड पर 500–500, जैन रेस्टोरेंट, बादल शास्त्री नगर, पाकिजा ड्रेसेस भुट्टा बाजार पर 300–300, फिरोज, टीमू बाई माणक चौक, नेशनल पेटीवाला मिर्ची गली, संजय भुट्टा बाजार पर 250–250, शुभम् जैन माणक चौक, ओम प्रकाश, रेहमत, अब्दुल रज्जाक, बतुल आपा भुट्टा बाजार पर 100–100, राजूबाई, मोहम्मद सलीम, आपा, हबीब भाई, फैजान, शाहनवाज, बसंती, घीसीबाई, राम कन्या, वसीम खान, मो0 अंसार, मुबारिक, लीलाबाई, खुर्शीद भाई व संजय सब्जी मण्डी पर 50–50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे है लीकेज दुरस्त

### *86 दिनों में 125 वॉल्व व 594 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण*

रतलाम 16 जनवरी । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 16 जनवरी तक 125 वॉल्व व 594 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।

**"रतलाम जलशक्ति अभियान" व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 16 जनवरी शनिवार को डोंगरे नगर,, कस्तुरबा नगर गली नम्बर 5, गौपाल गौशाला, मुखर्जी नगर, रामगढ़ तैलियों की सड़क, हरमाला रोड फुल मण्डी के आगे पाईप लाईन लीकेज को दुरस्त किया गया।**

**उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।**

# *नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये*

**रतलाम 16 जनवरी । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।**

## *दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें*

**रतलाम 16 जनवरी । समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., निःशक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।**

# *गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक*

रतलाम 16 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

### *सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें*

रतलाम 16 जनवरी । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

## कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

### खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

### अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

**रतलाम 16 जनवरी । नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।**

**नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल–सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिश्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।**

**नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000–5000 हजार का जुर्माना करेगी।**

**समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 16.01.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.**